हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 दिसंबर 2025

06 कांग्रेस के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



07 अभी तक रहस्य बनी हुई है जिला अस्पताल के स्टोर रूम...





**खबर संक्षेप**

### अब पुराने वाहनों की बिक्री के लिए भी लेना होगा ट्रेड सर्टिफिकेट

**सीहोर** । पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री के लिए परिवहन विभाग ने नए आदेश जारी किए हैं। इसके तहत अब सीहोर सहित प्रदेशभर में सेकंड हैंड वाहनों की खरीदी-बिक्री के लिए भी ट्रेड सर्टिफिकेट लेना होगा। इसके लिए सभी को वाहन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। उन्हें आईडी भी दी जाएगी, जिससे वे वाहनों की खरीदी-बिक्री कर सकेंगे। साथ ही डीलर अब सड़कों पर भी वाहन नहीं खड़े कर सकेंगे। वाहन खड़े करने के लिए भी उन्हें जगह का पर्याप्त इंतजाम करना होगा। परिवहन आयुक्त ने कहा कि 31 दिसंबर तक सभी डीलरों को वैध प्राधिकार पत्र लेना होगा। जिन्होंने बिना सर्टिफिकेट के सेकंड हैंड वाहनों की खरीदी-बिक्री की, उन पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी डीलरों की परिवहन विभाग में जल्द ही बैठक जाएगी। जहां उन्हें सर्टिफिकेट संबंधी जानकारी दी जाएगी। सीहोर जिले में करीब 50 डीलर हैं जो पुराने वाहनों की खरीदी बिक्री करते हैं। इन्हें बिक्री की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करना होगी। कोई भी व्यक्ति बिना वैध प्राधिकार पत्र के पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री नहीं कर सकेगा।

### बिजली पोल हटाए बिना ही बना दी सीसी सड़क, लोगों की शिकायत की नजरअंदाज

# मनमानी: इंजीनियरों की चुप्पी ने बिगाड़ दी ढाई करोड़ की सड़क

रहवासियों बोले जब उन्होंने खंभों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई तो ठेकेदार और इंजीनियरों ने इसे नजरअंदाज कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मछली पुल से लुनिया चौराहा तक बन रही सड़क राहत से ज्यादा परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। नगर पालिका के इंजीनियरों और ठेकेदार की मिलीभगत का आलम यह है कि सड़क पर खड़े बिजली के हाई वोल्टेज खंभों को हटाए बिना ही सड़क का निर्माण कर दिया गया। बता दें यह लापरवाही उस व्यस्ततम मार्ग पर की गई है जहां से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं।

निर्माण एजेंसी ने बिजली कंपनी से समन्वय करने या खंभों को शिफ्ट करने की प्रतीक्षा करने के बजाय खंभों के चारों तरफ ही सड़क का निर्माण कर उसे 'पहाड़' जैसा ऊंचा कर दिया है। तकनीकी रूप से यह न केवल गलत है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। रात के समय या वाहन चालकों की निगाह चूकते ही यह बिजली के खंभे हादसों का कारण बनेंगे।

#### इंजीनियरों की चुप्पी पर सवाल

हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका के जिम्मेदार इंजीनियरों की मौजूदगी में यह 'खतरनाक खेल' खेला जा रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि जब उन्होंने खंभों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई तो ठेकेदार और इंजीनियरों ने इसे नजरअंदाज कर दिया।

#### जिम्मेदार का तर्क, मापदंड सही हैं

जब इस संबंध में नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोली से सड़क की असामान्य ऊंचाई और बेस को लेकर बात की गई तो उन्होंने बड़े ही सहज भाव से कहा सड़क में बेस की जरूरत नहीं है, तय मापदंड के अनुसार निर्माण हो रहा है।

#### पहाड़ जैसी ऊंचाई और जलभराव का डर

बिजली के खंभों के साथ-साथ सडक़ की अत्यधिक ऊंचाई भी चर्चा का विषय बनी हुई है। सडक़ अब आसपास की दुकानों और मंदिरों की दहलीज से ऊपर निकल चुकी है। सडक़ अत्याधिक ऊंची होने की वजह से बरसात के दिनों में घरों-दुकानों और मंदिरों में पानी भरेगा।

## सीहोर बाइज ने सीहोर रेड को 3-0 से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी की स्मृति में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में चौथे दिन तीन मैच खेले गए पहला मैच सीहोर चिल्ड्रन विरोध सीहोर गर्ल्स के मध्य खेला गया यह गोल 1-1 गोल की बराबरी पर रहा सीहोर गर्ल्स की तरफ से मुस्कान ने एक गोल किया सीहोर चिल्ड्रन की तरफ से राजनाथ ने एक गोल किया प्रतियोगिता में दूसरा मैच सीहोर बाइज विरुद्ध सीहोर रेड के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर वॉइस 3-0 से विजय रही सीहोर बॉयज की तरफ से युवराज ने एक गोल किया आदित्य ने एक गोल किया घनश्याम ने एक गोल किया प्रतियोगिता में तीसरा मैच सीहोर क्लब विरोध एमजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 2-1 से विजयी रहा सीहोर क्लब की तरफ से ध्रुव ने एक गोल किया अनुज ने एक गोल किया एमजी क्लब की तरफ से शुभ ने एक गोल किया।

प्रतियोगिता में सोमवार को दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच सीहोर रेड विरोध एमजी क्लब के मध्य खेला जाएगा दूसरा मैच सीहोर क्लब विरोध सीहोर गर्ल्स के मध्य खेला जाएगा।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाया स्थापना दिवस



**सीहोर।** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कार्यालय न्यू बस स्टैंड सीहोर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का गायन हुआ। इसके पश्चात वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु प्रसाद राठौर द्वारा झंडा वंदन किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद और महात्मा गांधी अमर रहे हैं के गगन भेदी नारे लगाए एवं मीठाई का वितरण किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी स्थापना दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि 140 साल पहले शुरू हुई एक यात्रा जो सिफर्.एक पार्टी की नहीं, एक विचार, एक संघर्ष और एक सपने की यात्रा है। कांग्रेस का जन्म उस दौर में हुआ जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था।

यहीं से आज़ादी की चेतना जगी, यहीं से सत्य, अहिंसा और बलिदान की राजनीति ने आकार लिया। महात्मा गांधी का नेतृत्व, नेहरू, पटेल, आज़ाद, बोस जैसे असंख्य सेनानियों का त्याग और लाखों गुमनाम कार्यकर्ताओं का संघर्ष, इसी कांग्रेस ने आज़ादी की नींव रखी। आजादी के बाद भी यह यात्रा रुकी नहीं। संघर्ष जारी है, क्योंकि भारत अभी भी बन रहा है। कार्यक्रम के पश्चात कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के सम्मान में टाउन हॉल के समीप स्थित डॉ.अम्बेडकर उपवन पहुंचकर सभी साथियों के साथ श्रमदान किया। बाबा साहेब उपवन में लंबे समय से चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ था और गाजर घास बहुत तदात में उग रही थी पूरे परिसर को पूरी तरह साफ-सफाई की गई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से विष्णु प्रसाद राठौर, नईम नवाब, घनश्याम यादव, विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, शैलेन्द्र पहलवान, सुरेश बाबु राठौर, डॉ.अनीस खान, सुनील दुबे, रामायण प्रसाद शुक्ला, हफीज चौधरी, दिनेश भेरवे, नरेन्द्र खंगराले, मनोज पटेल, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, विनीत गोयल, ममता शर्मा, मानू शर्मा, सुमित नर्रे, मनीष मेवाड़ा, तनष्कि त्यागी, लक्की सक्सेना, नितिन उपाध्याय, सुयश तोमर, अनुभव सेंगर, ब्रजेश पाटिदार, दीपक सोनकर, जतिन परमार, अरबाज खान, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नपाध्यक्ष आज करेंगे अन्नपूर्णा टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

### मैदान पर प्रायोगिक क्रिकेट मैच हुआ आयोजित



**सीहोर।** आवासीय खेलकूद मैदान पर सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर मां अन्नपूर्णा क्लब के द्वारा आयोजित अध्यक्ष चैम्पियन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। मैदान पर रविवार को प्रायोगिक क्रिकेट मैच खेला गया। राधे के दिवाने टीम ने सतसांई टीम को पराजित किया। मां अन्नपूर्णा क्लब अध्यक्ष पुरूषोत्तम राय ने बताया कि पहले वेङ्कुषटंग करते हुए राधे के दिवाने क्रिकेट टीम के खिलाडिय़ों ने आठ ओवर में 113 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम के ओपी यादव ने 82 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने मैदान पर उतरी सतसांई कॉलेज टीम ने अंत तक आठ ओवर में 105 रन बनाए। टीम के केशव ने 29 रन,शाहीद ने 26 रन और अनास ने 13 रन बनाए। प्रदीप ने 3 और गगन ने 2 विकेट लिए। क्लब सदस्य पार्षद लोकेंद्र वर्मा, घनश्याम यादव, संतोष शाक्य मनीष राय, संजय राठौर, प्रशांत राठौर,रोहित यादव, प्रकाश यादव, ईशू राय,राजा राय, तुषार राय, भूपेंद, पंकज राजेश, समीर, विजय पलाश ढावी, अक्षत आदि ने खिलाडिय़ों को उत्साह बढ़ाया।

## संभाग स्तरीय पुरुष क्रिकेट स्पर्धा का समापन



**सीहोर।** संभाग स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन दिनांक 28 दिसंबर 2025 को सीहोर के बीएसआई ग्राउंड पर अत्यंत रोमांचक मुकाबलों के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। दिन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सीहोर की टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में भोपाल की टीम ने रायसेन को परास्त कर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। फाइनल मुकाबला भोपाल एवं नर्मदापुरम की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें भोपाल की टीम ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए नर्मदापुरम को 54 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस मुकाबले में दर्शकों ने रोमांचक क्षणों का भरपूर आनंद लिया और पूरे मैदान में खेल भावना का उत्साह दिखाई दिया।

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह बीएसआई ग्राउंड के ट्रेजरार वीरेंद्र वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। श्री वर्मा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस सफल आयोजन के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर की सराहना की। इस अवसर पर आयोजक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि खेल प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों एवं युवाओं में अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व जैसे मूल्यों का विकास करती हैं। हमें गर्व है कि हमारे महाविद्यालय के माध्यम से संभाग स्तरीय इस तरह का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाविद्यालय के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में सभी टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक स्तर का प्रदर्शन किया। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करते हैं और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। समूची प्रतियोगिता ने भोपाल संभाग में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा प्रदान की है और खिलाड़ियों के लिए यह आयोजन प्रेरणास्त्रोत बनकर सामने आया है।

### विधायक राय ने मन की बात कार्यक्रम सुनकर कार्यकर्ताओं के साथ किया अटलजी को नमन



**सीहोर।** विधायक सुदेश राय ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को गंभीरता पूर्वक देखा और सुना। विधायक राय ने कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन भी किया। तत्पश्चात विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरूणा राय ने भाजपा के नवनियुक्त जिला पदाकिारियों को मालाऐं पहनाकर बधाई शुभाकामनाऐं दी। मन की बात कार्यक्रम के उपरांत विधायक सुदेश राय ने कार्यकर्ताओं के मध्य कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम से भाजपा के नवीन पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को शक्ति से भर दिया है। उन्होने अटलजी को नमन करते हुए कहा कि देश प्रेम हमें अटलजी से सीखने को मिलता है। देश को परमाणू संपन्न उन्होने ने ही बनाया है अटलजी हमारे हमेशा मार्गदर्शक रहेंगे। कार्यक्रम में राजकुमार गुप्ता, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिलामंत्री प्रीति सोनी, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, प्रीतेश राठौर, हेमलता परमार, आशीष पचौरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुबह के समय बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे हर दिन जाम लगता है। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कई बार लोगों ने पार्किंग स्थल की मांग की। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ।

## समाजहित में सेवाएं देना पिताजी के पदचिन्हों का अनुशरण:राकेश राय



**सीहोर।** स्थानीय क्रिसेंट रिसोर्ट के सभागार में नगर सेठ स्वर्गीय गेंदालाल जी राय की पुण्यतिथि पर जन सहयोग सेवा समिति,अखिल भारतीय साहित्य परिषद और राष्ट्रीय कवि संगम के बेनर तले संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राकेश राय ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी श्री अखिलेश राय उपस्थित रहे। विशेष अतिथि तुलसीराम काका, निलेश राय, हरिओम शर्मा दाऊ, बाबू देवाल घायल आष्टा, कुमेर सिंह जायसवाल जिला अध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय हैहय कलचुरी महासभा सीहोर, डॉ. एस.आर. गट्टानी, डॉ. भारत आर्य, राजेश सत्यम तलेन, राकेश सक्सेना पचोर, लक्ष्मी चंद चौधरी कुरावर ,रमेश राठौर सीहोर उपस्थित रहे ।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ सेठ जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। सरस्वती वंदना कवि जोरावर सिंह ने प्रस्तुत की। इस मौके पर राकेश राय ने उनके पिता को याद करते हुए कहा कि आज जो हमारे परिवार द्वारा समाज हित में जो भी सेवाऐं दी जा रही है, यह पिताजी के पदचिन्हों का अनुशरण है। सभी साहित्यकारों ने सेठ जी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किये। अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर जन सहयोग सेवा समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह चौकसे ने किया। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया। आयोजन में लगभग 74 साहित्यकारों ने अपने काव्य पाठ से बाबूजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इसमें साहित्यकार धर्मराज देशराज की पुस्तक गजल में हम तुम का विमोचन भी अतिथियों के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर काव्य पाठ करने वाले कवियों में ईशानी मालवी, अंशिका मालवी, हेमंत गौर ,सुरेश सोनपुरे भोपाल, डॉ. अशोक व्यास भोपाल, आदित्य हरी गुप्ता सीहोर, कैलाश चौहान सीहोर, आबिद राहतगढ़ राहतगढ़, संतोष सनातनी ,पंकज शिवहरे ,दीक्षा सिंह ,पंडित अजय शर्मा ,गोविंद लोवानिया ,हीरालाल जायसवाल अनाड़ी, नवीन हरियाले ,गौरव बरखाने, त्रिलोचन प्रसाद दुबे, हरिओम हिन्दुस्तानी शुजालपुर, राधेश्याम पांचाल देवास, आदि मौजूद थे।

### दिसंबर माह के अंत के साथ ही ठंड के तेवर और तीखे हो गए हैं, कंपकंपा रही सर्द हवाएं

# टूटा ठंड का रिकॉर्ड, पारा 3.8 डिग्री, इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा, आने वाले कुछ दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में इस मौसम का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया है। आज न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जिसने 17 दिसंबर को दर्ज किए गए 3.9 डिग्री सेल्सियस के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। यह दो सप्ताह के भीतर ठंड का नया रिकॉर्ड है।

दिसंबर माह के अंत के साथ ही ठंड के तेवर और तीखे हो गए हैं। उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं ने पूरे सीहोर जिले को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, और 3.8 डिग्री सेल्सियस इस सीजन का सबसे कम तापमान है।



#### आगे आने वाले दिनों में और बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप बढ़ने और न्यूनतम तापमान में और गिरावट की संभावना जताई है। इस दौरान कोहरा छाने की भी आशंका है। बदलते मौसम को देखते हुए कृषि विभाग ने भी एडवाइजरी जारी की है। वर्तमान में गेहूं की फसल में जड़ माहू कीट की समस्या देखी जा रही है, इस कीट की समस्या सामने आई। कृषि विभाग के अनुसार, इस कीटव्याधि के कारण गेहूं की फसल में पीलापन आ जाता है, जिससे पत्तियां ऊपर से नीचे की ओर सूखने लगती हैं और अंततः पूरा पौधा सूख जाता है। यह कीट अपनी प्रारंभिक अवस्था में छोटे-छोटे पैच में दिखाई देता है, जो कुछ ही दिनों में पूरे खेत में फैल जाता है।

## खबर संक्षेप

### समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव और वार्ड प्रभारी द्वारा भी समग्र पोर्टल पर हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी किया जा सकता है।


सरसों के खिले फूल, धरती ने ओढ़ी पीली चुनरिया

# किसान का नया प्रयोगः परंपरागत खेती से हटकर नई फसलों की ओर बढ़ते कदम

किसानों के अनुसार इस बार समय पर बुवाई और अब तक अनुकूल मौसम का फसल को भरपूर लाभ मिला है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरुंदा इन दिनों प्रकृति की खूबसूरती और किसानों की मेहनत—दोनों की मिसाल बनी हुई है। गोपालपुर कस्बे सहित आसपास के गांवों में सरसों की फसल पूरे यौवन पर है। खेतों में दूर-दूर तक फैले पीले फूल ऐसे प्रतीत हो रहे हैं मानो धरती ने पीली चुनरिया ओढ़ ली हो। यह मनमोहक दृश्य राहगीरों को आकर्षित कर रहा है, वहीं किसानों के चेहरों पर भी संतोष और उम्मीद की झलक साफ दिखाई दे रही है।

किसानों के अनुसार इस बार समय पर बुवाई और अब तक अनुकूल मौसम का फसल को भरपूर लाभ मिला है। सरसों के पौधों में फूलों की अच्छी संख्या दिखाई दे रही है, जिससे फलियों की पैदावार भी अधिक रहने की संभावना जताई जा रही है। यदि आगे मौसम इसी तरह मेहरबान रहा और पाला या असमय बारिश नहीं हुई, तो सरसों से बेहतर उत्पादन मिलने की पूरी उम्मीद है। इससे क्षेत्र के किसानों की आमदनी में भी सुधार होने की संभावना है।

### परंपरा से प्रयोग की ओर-किसान कर रहे खेती में बदलाव

भैरुंदा तहसील में अब किसान केवल गेहूं और चना जैसी परंपरागत फसलों तक सीमित नहीं रहना चाहते। बढ़ती लागत और अनिश्चित बाजार भाव को देखते हुए कई किसान खेती में नए प्रयोग कर रहे हैं।

रवि सीजन में सरसों के साथ-साथ मक्का, चिया जैसी कम लागत वाली फसलों की ओर रुझान बढ़ा है। इन फसलों में लागत अपेक्षाकृत कम है और बाजार में अच्छे दाम मिलने की संभावना भी रहती है।

### कम लागत, बेहतर आमदनी की तलाश

किसानों का कहना है कि नई फसलों से जोखिम कम होता है और आमदनी के नए रास्ते खुलते हैं। खेती में विविधता अपनाकर वे न केवल मुनाफा बढ़ाना चाहते हैं, बल्कि बदलते मौसम और बाजार की चुनौतियों का भी सामना करने की तैयारी कर रहे हैं। यह बदलाव क्षेत्र की कृषि को नई दिशा दे रहा है।

### किसान की उम्मीदों की फसल

खेतों में लहलहाती सरसों और खेती में हो रहे नए प्रयोग यह संकेत दे रहे हैं कि भैरुंदा के किसान अब बदलते समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। यदि मौसम और बाजार ने साथ दिया, तो यह सीजन किसानों के लिए खुशहाली लेकर आ सकता है।

## वीर साहिबजादों ने राष्ट्र, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया: संत गोविंद जाने




**सीहोर।** आज हिन्दू धर्म को जातियों से ऊपर उठकर एकजुट होना चाहिए, सनातन धर्म की रक्षा सबका संकल्प है। अनेक वीरों ने देश की रक्षा और सनातन धर्म के लिए कुर्बानी दी है। वीर साहिबजादों ने राष्ट्र, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। गुरु गोबिंद सिंह महाराज के चारों साहिबजादों का अदम्य साहस और त्याग युगों-युगों तक राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा और कर्तव्यबोध का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। उक्त विचार शहर के सिंधी कालोनी में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवे दिवस मालवा माटी के प्रसिद्ध संत गोविन्द जाने ने कहे।

उन्होंने कहाकि साहिबजादों ने विदेशी आक्रांताओं के सामने शीश न झुकाकर भारत की एकता, अखंडता और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। आज हमें एक बार फिर से ऐसे त्याग और कुर्बानी करने वालों के पथ का अनुसरण करना चाहिए। रविवार को कथा के दौरान उन्होंने भक्त नरसी की भक्ति का प्रसंग बताते हुए कहाकि भगवान के प्रति भक्त नरसी का भरोसा ही उसकी आस्था का परिणाम था। भगवान भी विश्वास और आस्था से प्रकट हो जाते है। अगर आप भगवान के प्रति आस्था व विश्वास रखते हैं तो यह सत्य है कि भगवान आपके दुख दिनों में आपका सहारा बनेंगे। इसलिए हमें ईश्वर-वादी व सात्विक होना चाहिए।

**मनुष्य जब अच्छे कर्मों के लिए आगे बढ़ता :** उन्होंने कहाकि मनुष्य जब अच्छे कर्मों के लिए आगे बढ़ता है तो संपूर्ण सृष्टि की शक्ति समाहित होकर मनुष्य के पीछे लग जाती है। और हमारे सभी कार्य सफल होते हैं। ठीक उसी तरह बुरे कर्मों की राह के दौरान संपूर्ण बुरी शक्तियां हमारे साथ हो जाती है। मनुष्य को ही यह निर्णय करना होता है कि उसे किस राह पर चलना है। निर्मल मन ही प्रभु को स्वीकार्य है। निर्मल मन ही भक्ति के लिए जरूरी है।

## कांग्रेस के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि रविवार को कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया इसी तारतम्य में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम का आयोजन कर सर्वप्रथम महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सोनू राजपूत की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश राजपूत ने कहा कि इकलौती कांग्रेस पार्टी ही थी जिसने आजादी की लड़ाई में अपना अमूल्य योगदान दिया इसी तरह महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री कंचन शर्मा ने कहा कि हमारे कई नेताओं ने इस देश के लिए कुर्बानी दी है जिसे हम बेकार नहीं जाने देंगे वरिष्ठ कांग्रेस नेता तारिक पटेल, संजय शर्मा,छगनलाल दुबे इंटक जिला अध्यक्ष आमिर पटेल,युवक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया इस अवसर पर मुख्य रूप से नेपाल सिंह जमालिया, कपिल मल्होत्रा,रिंकू दुबे,कल्पेश चौहान, राजीव दुबे,पिंकी भदोरिया,सोनू यादव, विशाल यादव,श्रवण दीवान,सत्तू मालवीय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने सुंदरलाल राठौर

**सीहोर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एच.पी. उरमलिया और एल.एन. कैलाशिया की सहमति से प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी द्वारा सुन्दरलाल राठौर को प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के सीहोर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे जिला शाखा सीहोर के पेंशनर्स को संगठित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि जगाने संदीपनि विद्यालय की नई पहल

### अनुभव-आधारित शिक्षण से मजबूत हो रही बुनियादी साक्षरता



**भैरूंदा।** भैरूंदा नगर स्थित सीएम राइज संदीपनि विद्यालय ने विद्यार्थियों में पढ़ने की क्षमता विकसित करने और सीखने के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से एक अभिनव, संवेदनशील और प्रभावी पहल की शुरुआत की है। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि पढ़ना केवल एक शैक्षणिक कौशल नहीं, बल्कि संपूर्ण शिक्षा की मजबूत नींव है। इसी सोच के साथ शिक्षण प्रक्रिया को आनंददायक, अनुभव-आधारित और बच्चे-केंद्रित स्वरूप दिया जा रहा है।

विद्यालय स्तर पर यह अनुभव सामने आया कि यदि शिक्षण पद्धति बच्चों की जिज्ञासा और स्वभाव के अनुरूप न हो, तो वे सीखने से दूरी बनाने लगते हैं। इस आवश्यकता को समझते हुए प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने कक्षाओं का गहन अवलोकन किया। विद्यार्थियों की सीखने की गति, उनकी चुनौतियों तथा शिक्षकों की व्यावहारिक कठिनाइयों को समझकर शिक्षकों के साथ सहयोगात्मक संवाद स्थापित किया गया और शिक्षण पद्धतियों में आवश्यक सुधार किए गए।

प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पढ़ने की क्षमता विकसित करना नहीं, बल्कि बच्चों में सीखने के प्रति आत्मविश्वास और रुचि उत्पन्न करना है। जब बच्चा सहजता और आनंद के साथ सीखता है, तो उसकी प्रगति स्वाभाविक रूप से होती है।

प्राथमिक स्तर पर दिखे सकारात्मक परिणाम

प्राथमिक विभाग में इस पहल के अंतर्गत केजी स्तर पर खुले वातावरण में गतिविधि-आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया गया है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। बच्चे अब अधिक आत्मविश्वास के साथ सीखने की प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं और भाषा सीखने में सहजता दिखा रहे हैं। इस नवाचार को सफल बनाने में शिक्षकों कासिफ अली एवं अखिलेश कुमार की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने कक्षा शिक्षण को अधिक संवादात्मक और सहयोगपूर्ण बनाया।

### फन क्लास और नवाचारी कक्षाओं का नियमित संचालन

बच्चों में बढ़ती रुचि और सहभागिता को देखते हुए विद्यालय में फन क्लास एवं नवाचारी कक्षाओं को नियमित गतिविधि के रूप में संचालित किया जा रहा है। इन कक्षाओं के माध्यम से खेल, गीत, ताल, संवाद और गतिविधि-आधारित शिक्षण को अपनाया गया है, जिससे बच्चों की भाषा, अभिव्यक्ति और समझ में निरंतर विकास हो रहा है। वर्तमान में प्राथमिक स्तर पर मीनू श्रीवास्तव, वंदना परसाई, प्रियंका पंवार, दीपिका खरते, सविता पंवार, मंजू वर्मा, रोहित यादव एवं भारती देवलिया द्वारा ये कक्षाएं नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं।

**रीडिंग स्किल को और सशक्त बनाने की तैयारी :** विद्यालय का अगला लक्ष्य विद्यार्थियों की रीडिंग स्किल को और अधिक मजबूत करना है। केजी स्तर पर किए गए नवाचारों के अनुभव के आधार पर नई, लचीली और सुधार योग्य रणनीतियां तैयार की जा रही हैं, जिन्हें आगामी दिनों में चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शहादत खान ने कहा कि बुनियादी स्तर पर बच्चों की पढ़ने की क्षमता मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। विद्यालय की पूरी टीम समन्वय के साथ कार्य कर रही है, ताकि हर बच्चा बिना दबाव के, आनंदपूर्वक और आत्मविश्वास के साथ सीख सके।

वहीं अकादमिक समन्वयक सतीश दुबे ने बताया कि कक्षा-कक्ष में किए जा रहे छोटे-छोटे सुधार और नवाचारी गतिविधियां बच्चों की सीखने की गति पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। निरंतर समीक्षा और सहयोग के माध्यम से हर बच्चे तक प्रभावी सीख सुनिश्चित करने की दिशा में विद्यालय लगातार आगे बढ़ रहा है।

## अभा स्तर पर प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया

# ब्लू बर्ड स्कूल और दो छात्राओं को कालांतर आर्ट फाउंडेशन व भारत शिक्षा मंत्रालय ने सम्मानित किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत शिक्षा मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई) के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली में आयोजित कालांतर 2025 – वार्षिक कला उत्सव में शहर के ब्लू बर्ड स्कूल एवं स्कूल की दो छात्राओं को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित कहानी लेखन व कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं स्कूल को सबसे ज्यादा सक्रिय सहभागिता के लिए 'स्पेशल मेंशन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि देशभर में युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और कला-संस्कृति की धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से भारत शिक्षा मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई) द्वारा कालंतर आर्ट फाउंडेशन, दिल्ली के सहयोग से भारत के सभी सीबीएसई स्कूलों के लिए एक ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की थी।

इंग्लिश कहानी लेखन, कविता लेखन, संस्कृति श्लोकों का वाचन, डिजिटल आर्ट मेकिंग, समूह नृत्य, स्टोरीटेलिंग, गीत लेखन, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता जैसी कई कला-संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में देश भर के अनेक सीबीएसई स्कूलों द्वारा भाग लिया गया था। इंग्लिश कहानी लेखन में ब्लू बर्ड स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा भाविका राठी को प्रथम व हिंदी कविता लेखन में कक्षा 9 की रिद्धिमा सेंगर को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी के साथ दिल्ली के लोधी रोड पर स्थित सी.डी. देशमुख ऑडिटोरियम ऑफ इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में ब्लू बर्ड स्कूल को सबसे ज्यादा सक्रिय सहभागिता के लिए 'स्पेशल मेंशन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता की विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्कूल के 189 छात्रों ने भाग लिया था। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन भी रखा गया था जिसका उद्देश्य छात्रों को कला को न केवल हॉबी के रूप में बल्कि पेशे व व्यापार के रूप में अपनाने पर जोर देना था। ब्लू बर्ड स्कूल के डायरेक्टर बसंत दासवानी ने बताया कि ब्लू बर्ड स्कूल अब आम तौर पर प्रचलित पारंपरिक शिक्षा को पीछे छोड़ नए ज़माने की अनुभवात्मक शिक्षा, व्यावहारिक अधिगम व कला-एकीकरण जैसी नई शिक्षा पद्धति को अपना कर छात्रों को वैश्विक दुनिया में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का प्रशिक्षण दे रहा है। इस उपलब्धि पर स्कूल के सभी छात्रों व शिक्षकों में हर्ष का माहौल है।

### 25 लाख 93 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई धान खरीदी

**सीहोर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 4 लाख 9 हजार 545 किसानों से 25 लाख 93 हजार 971 मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल है। धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जायेगी। किसानों को 3529 करोड़ रूपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि धान विक्रय के लिये 8 लाख 59 हजार 916 किसानों ने पंजीयन कराया है। एक दिसम्बर से शुरू हुई धान खरीदी के लिये विभिन्न जिलों में 1434 केन्द्र बनाये गये हैं।

## तीन साल से कक्षा 6 में पढ़ने को मजबूर छात्र पवन, 2 बार हो चुका है फेल

एक छात्र के लिए मिडिल स्कूल से 3 शिक्षकों और मिड़-डे मील बनाने वालों के वेतन का हो रहा आहरण

# शिक्षकों की अनदेखी ने विद्यार्थी के 3 कीमती साल किए बर्बाद !




हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शासकीय विद्यालय जिरियाखेड़ी में शिक्षकों की लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। जहां पर एक नियमित छात्र लगातार तीन वर्षों से एक ही कक्षा में पढ़ने को मजबूर है। परिजनों का आरोप है कि समय रहते छात्र की पढ़ाई पर न ही तो शिक्षकों ने ध्यान दिया और न ही समय पर उसकी शैक्षणिक कमजोरी को ही दूर करने के लिए प्रयास किए गए। मामला जीरापुर ब्लॉक के गोघटपुर संकुल के जिरियाखेड़ी गांव के मिडिल स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ने वाला छात्र पवन वर्मा का है जो पिछले 2 सालों से फेल हो रहा है और हैरत की बात है कि वहां के शिक्षकों पर असर तक नहीं पड़ा। जिरियाखेड़ी मिडिल स्कूल में तीन शिक्षकों के होते हुए भी एक छात्र का भविष्य भी नहीं संवार पाए। 2023-24 से शिक्षकों ने अपना अटैचमेंट करवाकर अपना उल्लू तो सीधा कर लिया परंतु पवन के भविष्य के 3 अनमोल साल खा लिए।

### निकलता है 3 शिक्षकों और मिड़-डे मील बनाने वाले का वेतन

इसको शिक्षा विभाग की बिडम्बना ही कहा जाए की जहां कलेक्टर परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए कई प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ शिक्षक मिलकर भी एक छात्र के भविष्य का निर्माण नहीं कर पा रहे, और न ही मांगने पर छात्र की टीसी ही दे रहे। टीसी न देने के पीछे का कारण क्या समझा जाए जबकि जिरियाखेड़ी मिडिल स्कूल से मात्र इसी छात्र की बजह से 3 शिक्षकों के साथ मध्यान्ह भोजन बनाने वाले का वेतन का आहरण हो रहा है।

### छात्र को छोड़ा भगवान भरोसे

2023-24 में पवन ने जैसे ही 6वीं कक्षा में प्रवेश लिया वैसे ही पहले रीना विश्वकर्मा का अटैचमेंट दूसरी जगह हो गया। फिर जिरियाखेडी मिडिल स्कूल की कक्षा 6 को पढाने बचे दो शिक्षकों ने भी नवंबर 2024 में दूसरे स्कूलों में अटैचमेंट करवा लिया। परिणाम यह निकला की विद्यार्थी पवन वर्मा को नवंबर 24 के बाद पढाने वाला कोई शिक्षक था ही नहीं। प्रायमरी शिक्षकों के भरोसे उसे 6 वी में पढ़ने छोड़ दिया। इसके बाद 2025-26 के सत्र में बद्रीलाल दांगी शिक्षक के आने के बाद वह अपनी पढ़ाई कर रहा है परंतु शिक्षकों की कार्यशैली ने मासूम छात्र के 3 साल अंधेरे गर्त में झोक दिए।

### इनका कहना है...

मैं इसी शैक्षणिक सत्र में आया हूं, इसके पहले का मुझे ज्यादा कुछ पता नहीं है। अभी वर्तमान में एक ही बच्चा अध्यनरत है।

**बद्रीलाल दांगी, शिक्षक मिडिल स्कूल जिरियाखेड़ी**

शैक्षणिक व्यवस्था के कारण ऐसा किया गया। अबकी बार उसके रिजल्ट में सुधार आ जायेगा।

**गजेंद्र शर्मा, बीआरसी जीरापुर**

## भोपाल-रामगंजमंडी रेलवे प्रोजेक्ट का मामला, प्लॉट मालिक पशोपेश में

# रेलवे की जद में आए हेडगेवार कॉलोनी के मकान तोड़ना शुरू



**राजगढ़।** बहुप्रतीक्षित भोपाल-रामगंजमंडी रेलवे का काम क्षेत्र में घ्रुत गति से चल है। राजगढ़ मुख्यालय की हेडगेवार कॉलोनी के 9 पक्के मकानों सहित कईं प्लॉट इसकी जद में जद आए थे। इन सभी नौ मकानों को रेलवे ने शनिवार से तोड़ने की कार्यवाही आरंभ की है। सभी नौ मकान मालिकों को पूर्व से नोटिस देकर उन्हें अवगत कराया गया कि किसे कितना मुआवजा मिलेगा। इसके बाद यह कार्यवाही आरंभ की गई है। हालांकि, इन मकानों के मालिक भू-अर्जन प्रक्रिया के तहत मिलने वाले मुआवजा राशि से संतुष्ट नहीं हैं। सभी का कहना है कि प्रशासन ने नियमानुसार मुआवजा वितरण प्रक्रिया नहीं अपनाई है।

### प्लॉट मालिक अभी तक इंतेजार में

प्रशासन ने भलेंही हेडगेवार कॉलोनी में पूर्व से बने एक मंजिला, दो मंजिला मकानों के लिए भू-अर्जन राशि का निर्धारण कर लिया है लेकिन प्लॉट मालिकों को अभी तक प्रशासन की तरफ से किसी तरह का कोई नोटिस या मुआवजा राशि दिए जाने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। प्लॉट धारकों का कहना है कि प्रशासन इस मामले में दोहरा मापदंड अपना रहा है। जब मकान मालिकों को मुआवजा दिया जा रहा है तो प्लॉट मालिकों को आखिर क्यों मुआवजे से वंचित रखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्षों पहले जब हेडगेवार कॉलोनी को विकसित किया गया था तब यह यह भूखंड पट्टे की जमीन की रजिस्ट्री करवाकर कॉलोनी बनाई गई थी। ऐसे में शुरू से ही इस कॉलोनी के मकान मालिक एवं प्लॉट धारक प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग करते आ रहे हैं।

## आपसी सहयोग से 113 बेडशीट सिविल अस्पताल को डोनेट की

**ब्यावरा।** स्वास्थ्य विभाग में आए दिन कमियों का बोल बाला रहा है। कभी ब्लड डोनेट कैंप लगवाकर कभी अन्य सोर्स से सामान पहुंचाकर मरीजों के लिए भावाशाह मिल ही जाते हैं। हाल ही में ब्यावरा सिविल अस्पताल में मरीजों को बेडशीट के लिए परेशान होते देखा तो अस्पताल के ही स्टॉफ ने आपस में मिलकर 113 बेडशीट अस्पताल अधीक्षक को सौंप दी। आने वाले समय में अब मरीजों को बिना बेडशीट के नहीं रहना पडेगा। उल्लेखनीय है कि कई बार मांगने पर भी स्वास्थ्य विभाग इनकी आपूर्ति समय पर करने मे असमर्थ दिखा जिसक चलते स्टॉफ ने यह निर्णय लिया।



## 550 छात्राओं ने तैयार किए शिक्षण मॉडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पीएमश्री महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 12 तक की 550 छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न विषयों से संबंधित स्वयं तैयार किए गए टीएलएम मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भाषा, पर्यावरण अध्ययन, तकनीकी शिक्षा एवं जीवनोपयोगी कौशल से जुड़े चार्ट, स्थिर एवं कार्यशील मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। छात्राओं ने इन मॉडलों के माध्यम से जटिल संकल्पनाओं, प्रक्रियाओं एवं सिद्धांतों को सरल और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मकता, तार्किक सोच, आत्मविश्वास, सहयोग और प्रस्तुतीकरण कौशल का विकास करना रहा। शिक्षकों ने निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला ने बताया कि जब विद्यार्थी स्वयं टीएलएम का निर्माण करते हैं, तो विषय की गहरी और स्थायी समझ विकसित होती है।

## गुरु गोबिंद सिंह का 359 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया



**ब्यावरा।** शहर स्थित राजगढ़ रोड पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में समाज बंधुओं द्वारा सिख धर्म के दसवें गुरु, साहिब-ए-कमाल गुरु गोबिंद सिंह महाराज का 359 वां प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें रागी जत्थों द्वारा गुरु महिमा का गुणगान किया गया। कीर्तन और गुरबाणी के मधुर शब्दों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कीर्तन दरबार के उपरांत गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर प्रेमपूर्वक लंगर प्रसादी ग्रहण की। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया, जो सिख धर्म की समता, सेवा और भाईचारे की परंपरा को दर्शाता है। इस अवसर पर संगत द्वारा "सर्वत के भले" की अरदास भी की गई, जिसमें विश्व शांति, मानव कल्याण और आपसी सद्भाव की कामना की गई।

उल्लेखनीय है कि श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज, सिख धर्म के दसवें गुरु थे, जिन्हें संत-सिपाही के रूप में जाना जाता है। उन्होंने मानवता, धर्म की रक्षा, न्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का संदेश दिया तथा खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग, नगरवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। गुरुद्वारा प्रबंधन एवं सेवादारों द्वारा संपूर्ण व्यवस्था सुचारू रूप से संपन्न कराई गई।

## नेत्रदान कर दिया परोपकार का संदेश



**ब्यावरा।** शहर के निवासी आनन्द स्वरूप चांडक के शनिवार को निधनोपरांत उनके पुत्र संजय चांडक, ऋषि चांडक, एवं श्यामू सुन्दर चांडक से लायन्स क्लब ब्यावरा के राहुल डागा ने सम्पर्क कर दिवंगत के नेत्रदान की गुजारिश की। जिस पर सहमति होने पर दागा द्वारा नवज्योती नेत्रदान समिति की अध्यक्ष पूजा गुप्ता को सूचना दी। इस पर पूजा गुप्ता ने भोपाल की मेमोरियल हॉस्पिटल से टीम संपर्क कर डॉ संदीप पंचोले ने नेत्रदान सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर परिवार जनों के साथ लायन्स क्लब ब्यावरा के मुकुल जैन, चिराग मोदानी, अंकित जैन, अमूल अग्रवाल मौजूद रहे। पूजा गुप्ता ने नेत्रदान के प्रति चांडक परिजनों का आभार प्रदर्शित करते हुए आमजन से अनुरोध किया कि मृत्यु पश्चात नेत्रदान कर दो नेत्रहीनों को दृष्टि देने का पुण्य कमाएं।

## कवि सुशील व्यास सारंग को राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में दसवां स्थान



**सारंगपुर।** रोहतक हरियाणा में आयोजित आचार्य अकादमी द्वारा गीता जयंती के अवसर पर आयोजित 51वीं राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। देश भर से आए कवियों की रचनाओं में से चुने गए 10 विजेताओं और 4 विशिष्ट पुरस्कृत कवियों को बधाई दी गई। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के सारंगपुर निवासी प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार सुशील व्यास ३सारंग३ की रचना को पुरस्कृत रचनाओं में दसवाँ स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि श्री व्यास के साथ-साथ पूरे अंचल के लिए गर्व की बात है। सुशील व्यास बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वे कुशल चित्रकार, सुरीले गायक और संगीतकार भी हैं। सरल व सहज जीवन जीने वाले व्यास पर माँ सरस्वती की विशेष कृपा है। वे समर्पित समाजसेवी हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। साथ ही, वे विद्या भारती के सेवानिवृत्त प्राचार्य हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आपके द्वारा लिखे हुए गीत बहुत सारा गए सराहे गए जन्म में पीले चावल घर घर आए आया बुलावा राम का, बुला रही है धरा अवध की, सजा अवधपुरी का द्वार गीत कई प्रभात फेरी में गाए गए।

## संस्कार एकेडमी में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ




**ब्यावरा।** पचोर स्थित संस्कार एकेडमी में तीन दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तहसीलदार आनंद जायसवाल नायब तहसीलदार आरएस शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा तथा प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा द्वारा दीप व मशाल प्रज्वलन कर ध्वजारोहण के साथ हुई। विद्यार्थियों ने स्कूल कैप्टन दीपांशी गोयल, स्पोर्टस कैप्टन वेदी चौधरी, गांधी हाउस कैप्टन भाग्यश्री पच्चीसीया, सुभाष हाउस कैप्टन अतुल लोधी, कलाम हाउस कैप्टन सुमन शर्मा, टैगोर हाउस कैप्टन पंखुड़ी सक्सेना के नेतृत्व में आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर खेल भावना, एकता और अनुशासन का संदेश दिया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं चारित्रिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन में विद्यालय की सहकोऑर्डिनेटर कवलप्रीत, प्री प्राइमरी ब्लॉक एच ओ डी रियांशी गोयल, स्पोर्टस टीचर मानसी सिंह, हंसराज गुर्जर, परेड ट्रेनर सत्यनारायण शर्मा, म्यूजिक टीचर सौरभ शर्मा, बैंड ट्रेनर रोशन शाह, डेकोरेशन टीम कमलकांत, प्रियंका सक्सेना, हॉस्टल वार्डन विपिन भागवत आदि का योगदान है।

## लोकतंत्र सेनानी शंकर सिंह चंदेल को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



**सारंगपुर।** क्षेत्र के ग्राम धनोरा निवासी, लोकतंत्र सेनानी एवं मिसाबंदी रहे स्वर्गीय शंकर सिंह चंदेल का रविवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. चंदेल ने देश की आजादी की लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाई थी तथा आपातकाल के दौरान मिसाबंदी में रहते हुए लोकतंत्र की रक्षा हेतु संघर्ष किया। रविवार को उनकी शव यात्रा ग्राम धनोरा में उनके निवास से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई मुक्तिधाम पहुंची। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस दल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा राष्ट्रगान के साथ सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

इस दौरान राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल, एसडीओपी अरविंद्र सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा,निर्मल जैन, सरपंच तेजसिंह राजपूत, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सम्पूर्ण गांव ने नम आंखों से अपने इस स्वतंत्रता सेनानी को अंतिम विदाई दी।

## कितनी दवाईयां, उपकरण जले इस बारे में बताने से कतरा रहे विभाग के जिम्मेदार

# अभी तक रहस्य बनी हुई है जिला अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग

**राजगढ़।** जिला अस्पताल परिसर स्थित सीएमएचओ स्टोर रूम में शुक्रवार को हुई आगजनी की घटना रहस्य ही बनकर रह गई है। घटना की पीछे की वजह शार्ट-सर्किट अलबत्ता बताई जा रही है लेकिन इस आगजनी में कितना माल जलकर राख हुआ, कितनी दवाईयां जलीं व कितने उपकरणों का नुकसान हुआ है इस बारे में फिलहाल कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। सबसे बड़े बात भी यह है कि जिस स्टोर रूम में आग लगी है उसके इन्चार्ज तीन दिनों पहले ही अवकाश लेकर गए थे और उनकी जगह एक अन्य व्यक्ति को स्टोरकीपर का चार्ज सौंपा गया था। इस पूरे मामले में सत्तापक्ष के लोग भलेंही कुछ भी स्पष्टतः बोलने में कतरा रहे हों लेकिन कांग्रेस खुलकर सामने आई है। राजगढ़ के पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने जहां शनिवार दोपहर आगजनी स्थल पहुंकचर मौके का जायजा लिया। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने अस्पताल प्रबंधन को आड़े हाथों लिया है। आगजनी की इस घटना में कितने का नुकसान शासन को हुआ है इस बारे में कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

*कांग्रेस ने आगजनी की इस घटना की उच्च-स्तरीय जांच की रखी मांग*

*घटना की पूरी जांच के लिए गठित की गई 7 सदस्यीय टीम*

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने रखी विशेष कमेटी बनाने की मांग

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने ट्वीट करते हुए इस मामले में एक प्रदेश स्तरीय तकनीकी रूप से दक्ष जांच टीम बनाने की मांग शासन, प्रशासन से की है। उन्होंने लिखा की स्टोर कीपर के अवकाश पर रहना और सीएमएचओ द्वारा अपने चहेते व्यक्ति को स्टोर कीपर को चार्ज सौंपना सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है और इस पूरी आगजनी की घटना की विस्तृत जांच होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के मंत्री एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पर भी तंज कसते हुए सिंह ने कहा कि अब आपके विभाग की आग सतपुड़ा से राजगढ़ तक पहुंच चुकी है।




Priyavrat Singh @iPriyavratSingh · 5s

राजगढ़ ज़िला अस्पताल बन गया है भ्रष्टाचार का केंद्र!
औषधि केंद्र में लगी आग कई लापरवाहियों और ख़ामियों को करती है उजागर- स्टोरकीपर छुट्टी पर, चहेते कर्मचारी को नियम विरुद्ध चार्ज, सी.एम.एच.ओ. 50 मीटर दूर रहती हैं मगर घंटों बाद मौके पर पहुँची, बिना प्रदेश-स्तरीय एक्सपर्ट कमिटी के आए अनाधिकृत लोग रातभर स्टोर में।

यदि पीछे ऑक्सीजन सिलेंडर स्टोर तक आग पहुँच जाती, तो शायद बहुत बड़ा हादसा होता!

अब @collectorrajga1 को जाँच तो करवानी चाहिए। उप-मुख्यमंत्री जी @rshuklabjp
आप के विभाग की आग अब सतपुड़ा भवन से राजगढ़ तक पहुँची!!

वैसे बताते हैं कि CSR की फंडिंग से दवाई ख़रीदने का मामला है; देखते हैं क्या कार्यवाही होती है !?!

### पूर्व विधायक ने किया मौका मुआयना

अस्पताल के स्टोर रूम में लगी इस आग की घटना के बाद पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने शनिवार दोपहर घटनास्थल पहुंचकर मौका-मुआयना किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आगजनी में एक करोड़ से अधिक की दवाईयों सहित अन्य उपकरणों का नुकसान हुआ है लेकिन अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को पूरा स्पष्टीकरण देते हुए आमजनों के सामने स्थिति क्लीयर करनी चाहिए कि स्टोर रूम में रखा कितना और क्या-क्या सामान/माल जलकर राख हुआ है।

### आमजनों ने रखी सूक्ष्मता से जांच की मांग

अस्पताल के जिस स्टोर रूम में आगजनी की यह घटना हुई है उसमें करीब एक करोड़ से अधिक की दवाईयां, उपकरण सहित अन्य सामान जलकर राख होने के आरोप आमजनों द्वारा लगाए जा रहे हैं। इस पूरे मामले में आमजनों ने भी प्रशासन से मांग रखी है कि आगजनी में कितना नुकसान हुआ और क्या-क्या सामान जलकर राख हुए हैं, वह सब सबके सामने सार्वजनिक किए जाने चाहिए। इसके अलावा नियमों की अवहेलना करते हुए दिए गए स्टोरकीपर के चार्ज मामले की भी निष्पक्षतः जांच करवाकर दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए।

### इनका कहना है...

पूरे मामले की जांच के लिए 7 सदस्यीय टीम गठित की गई है। कल टीम की रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी जिससे समूची स्थिति स्पष्ट होगी की आगजनी में कितना नुकसान हुआ है। इसके साथ ही जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी, उस पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

**डॉ. शोभा पटेल, सीएमएचओ, राजगढ़**

## मैकेनिकल वोटिंग मशीन के आविष्कार पर विश्वकर्मा पिता-पुत्र को राष्ट्रीय सम्मान

**सारंगपुर।** मुंबई में आयोजित एसजीवीएस राष्ट्रीय पुरस्कार-2025 (विश्वकर्मा प्रतिभा सम्मान) समारोह में पचोर के निवासी रामप्रसाद विश्वकर्मा एवं उनके पुत्र, भोपाल निवासी सह-आविष्कारक कमलेश विश्वकर्मा को उनके अभिनव आविष्कार मैकेनिकल वोटिंग मशीन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 21 दिसंबर 2025 को प्रदान किया गया।उल्लेखनीय है कि 75 वर्षीय रामप्रसाद विश्वकर्मा ने सीमित संसाधनों के बावजूद इस मशीन का विकास किया। इस नवाचार का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ाना, मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना तथा चुनावी व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाना है। यह मशीन विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए उपयोगी मानी जा रही है, जहां आधुनिक तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता सीमित है। इस मैकेनिकल वोटिंग मशीन को भारत सरकार से पेटेंट प्राप्त है।



## आश्रम शाला की 50 बालिकाओं को इनर दीं

**विदिशा।** समाजसेवी बल किशन प्रजापति द्वारा विमुक्त जाति कन्या आश्रम शाला लटेरी की 50 बालिकाओं को आवश्यकता अनुसार इनर का वितरण किया गया। इस अवसर पर बल किशन प्रजापति ने कहा कि बालिकाओं की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास न केवल बालिकाओं के आत्मसम्मान को बनाए रखते हैं, बल्कि उनमें सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना भी विकसित करते हैं। आश्रम शाला के स्टाफ एवं शिक्षकों ने इस सहयोग के लिए श्री प्रजापति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से बालिकाओं को संबल मिलता है।

## खबर संक्षेप

### विधायक राय ने किया कथा वाचक का सम्मान



**सीहोर।** सोमवार को सिंधी कालोनी में जारी श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचकर विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरूणा राय ने कथा का श्रद्धालुओं के साथ बैठकर श्रवण किया। उन्होने कथा वाचक संत गोविन्द विनोद नागर का शॉल श्रीफल भेंटकर फूलमालाऐं पहनाकर सत्कार किया। आयोजक गोदन सरकार हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा जनहित कल्याण के लिए कथा आयोजन कराने पर विधायक सुदेश राय और अरूणा राय ने श्रद्धालुओ का अभिवादन कर समिति का आभार किया।

### आज किया जाएगा कथा का समापन

**सीहोर।** शिव पुराण सुनने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट होते हैं और उसे शिवलोक में स्थान मिलता है, जो पूरी श्रद्धा और भक्ति से भगवान शिव की सेवा करता है, तो उसे शिवलोक की प्राप्ति होती है। शिव पुराण में भी इस संदर्भ में एक कथा है। एक नगर में एक ब्राह्मण रहता था जो अत्यंत दुर्बल, रस बेचने वाला और वैदिक धर्म से विमुख था। वह कोई धार्मिक कार्य नहीं करता था और सदैव धन कमाने में ही लगा रहता था। उक्त बात शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर में जारी सात दिवसीय शिव महापुराण कथा में कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने कहे। उन्होंने बताया कि संगीतमय शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को हवन-यज्ञ के साथ समापन किया जाएगा। रविवार को कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा भी कथा स्थल पर पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहाकि भगवान का जप करना चाहिए। कथा व्यास पंडित राहुल ने कहा कि उसके ऊपर जो भी विश्वास करता था वह उसे मुर्ख बना देता था। ऐसा कोई भी नहीं था जिसे उसने धोखा न दिया हो। यहां तक कि वह अपने भाई बहनों के साथ भी छल करता था। उसका धन कभी भी किसी भी धर्म के काम में नहीं लगा एक दिन ईश्वर की कृपा से वह घूमते घूमते प्रयागराज में जा पहुंचा वहां उसने एक शिवालय देखा जहां बहुत से साधु महात्मा हुए थे।

### श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस श्रद्धालुओं ने की कथा श्रवण

# गुरु की दृष्टि अगर शिष्य पर पड़ती है तो पूरी सृष्टि ही बदल जाती हैः सुनील कृष्ण

**विश्वास और सरलता के साथ जीना ही सच्ची साधना है। मन की शांति पर दिया विशेष बल।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस का आयोजन गहन आध्यात्मिक वातावरण एवं भावपूर्ण श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ लिया। कथा प्रवक्ता पूज्य श्री सुनीलकृष्ण जी व्यास (बेरछा वाले) ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में कहा कि "जब गुरु की दृष्टि शिष्य पर पड़ती है, तब शिष्य की पूरी सृष्टि बदल जाती है।" उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में विश्वास और सरलता के साथ जीना ही सच्ची साधना है। उन्होंने मन की शांति पर विशेष बल दिया।

तृतीय दिवस में सुखदेव जी के आगमन, विदुर नीति, ध्रुव चरित्र, शिव चरित्र एवं नरसिंह अवतार जैसे प्रेरक और भावपूर्ण प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया। राजा दक्ष द्वारा शिवजी अपमान के प्रसंग के माध्यम से अहंकार के दुष्परिणामों को समझाया गया, वहीं ध्रुव चरित्र ने अटूट भक्ति और विश्वास की शक्ति को उजागर किया। नरसिंह अवतार के वर्णन ने यह संदेश दिया कि भगवान अपने भक्त की रक्षा के लिए स्वयं प्रकट होते हैं। तृतीय दिवस की आरती एवं प्रसादी के यजमान गणपतलाल, भँवरलाल एवं समस्त चौधरी परिवार रहे। यजमान द्वारा श्रद्धा भाव से आरती एवं प्रसादी आयोजन किया। इसे दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर दिखाई दिए और संपूर्ण वातावरण भक्ति, विश्वास और वैराग्य से ओतप्रोत हो गया। तृतीय दिवस की कथा ने यह संदेश दिया कि सच्चे भरोसे और समर्पण से ही भगवान की प्राप्ति संभव है। श्रीमद् भागवत कथा के मंगलकारी अवसर पर नगर के सभी श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर




धर्म लाभ प्राप्त किया। जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता सचिन भंडारी ने दी।

# ब्लॉक कांग्रेस ने अस्पताल में किया फलों का वितरण

### कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर द्वारा शासकीय अस्पताल जावर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141 वे स्थापना दिवस के अवसर पर मरीज को फल वितरण कर डॉक्टर्स और स्टाफ को सम्मानित कर मनाया गया। सर्वप्रथम अस्पताल जावर में मरीज को फल बिस्किट वितरित किए गए। उसके पश्चात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर के सभी सम्मानित साथी गण द्वारा शासकीय अस्पताल के डॉक्टर्स एवं नर्सिंग स्टाफ को पुष्प माला भेंट कर सम्मानित किया गया।

इसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा की 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में एक विशेष सभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना एक आंदोलन के रूप में की गई जिसने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस अवसर पर पार्षद राजेंद्र भरेवा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष लोकेंद्र ठाकुर ने भी अपने उद्बोधन में सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी।

इसमें अरविंद सिंह ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र भरेवा ,वरिष्ठ पार्षद जाकिर हुसैन, मनोज जैन, पार्षद पप्पू मंसूरी, धीरज सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व सरपंच ,मुस्ताक अहमद ,पूरन मालवीय, जितेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, हरपाल सिंह ठाकुर, करण भरेवा, पवन ठाकुर, सूरज सिंह ठाकुर अकबर मंसूरी, जोगेंद्र ठाकुर आनंद ठाकुर, अनीश, रफीक, आशिक, संतोष पाटीदार, सोनू मंसूरी आदि कांग्रेस के सम्मानित साथी गण उपस्थित हुए। सभी का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आभार व्यक्त किया।

# हमको ज्यादा नहीं तो कम से कम थोड़ा अपने स्वयं के लिए जैविक खेती जरूर करना चाहिएः संतोष मंडलोई




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

शुक्रवार को कोठरी में कृषक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास कार्यक्रम रखा गया ।इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्था इस एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड इंदौर की ओर से उपस्थित क्लस्टर मैनेजर राकेश कुमार और कृषि विभाग से उपस्थित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ब्लॉक आष्टा से बहादुर सिंह मेवाडा एवं कोठरी से उपस्थित एल.आर.पी. संतोष मंडलोई ने कहा लगातार मिलावट खोरी एवं हर जगह रासायनिक दवाइयां का उपयोग ज्यादा से ज्यादा उत्पादन के लिए किया जाता है जब कि किसानों को अपने खेत में जैविक उत्पादों को ज्यादा नही थोड़ा अपने स्वयं के लिए जैविक खेती जरूर करना चाहिए, एवं राधेश्याम दलपति अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं कृषक मित्र कृपाल सिंह वर्म उपस्थित रहे।

जीवामृत, घनजीवामृत, बिजामृत आदि का किसान अपने खेत पर ही कैसे बनाताकार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषकों को जैविक खेती के बारे में बताना और जैविक खेती में उपयोग होने वाले जैविक उत्पाद कैसे बनाते हैं और उनका उपयोग कैसे किया जाता है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी,जीवामृत, घनजीवामृत, बिजामृत आदि का किसान अपने खेत पर ही कैसे बनाता है और उपयोग करता है। इसके बारे में पूरी जानकारी दी गई, साथ ही किसानों को एफ.पी.ओ. के माध्यम से सदस्य शेर धारक बनाकर कैसे आगे मार्केट उपलब्ध कराना है उसकी भी संपूर्ण जानकारी दी गई।

# सचिन का अग्निवीर में हुआ चयन लाइब्रेरी में किया स्वागत सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम पटारिया निवाशी सचिन मेवाड़ा पिता प्रताप सिंह का अग्निवीर में चयन होने पर विजय श्री लाइब्रेरी पर स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर संस्था संचालक देवेंद्र परमार ने चयनित अभ्यर्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और अन्य युवाओं को अधिक मेहनत कर आने वाली भर्तियों में बेहतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कहा कि अग्निवीर भर्ती में हुई यह सफलता छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि है, जो बताती है कि उचित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिलने पर युवा किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर जीवन परमार नरेंद्र परमार, अभिनन्दन, नितिन, प्रिंस विश्वकर्मा, अनुराज धाकड़, अनामिका, प्रज्ञा मेवाड़ा संजना, मोनिका, राधा, ज्योति, सलोनी, पारस, सपना ,ऋतु, मधु मेवाड़ा, आदित्य, धनराज, सतीश,रोहित ,अभिषेक, गुप्ता, कान्हा परमार एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# सीएमसीएलडीपी शासन की अभिनव पहलः व्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड व जिला सीहोर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत कक्षा में म.प्र. जन अभियान परिषद के निदेशक सेल डॉ. वीरेन्द्र व्यास के मुख्य आतिथ्य, जिला समन्वयक श्रीमति पारुल उपाध्याय एवं विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि निदेशक सेल डॉ. वीरेन्द्र व्यास द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की महत्ता एवं विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम शासन की एक अभिनव पहल है। सभी छात्रों को पाठ्यक्रम में एक प्रेरक एवं मार्गदर्शन की भूमिका का निर्वहन कर सामुदायिक नेतृत्वकर्ता तैयार करें। छात्रों को आवश्यकता के बारे बताते हुए कहा कि ज़रूरत इसलिए होती है ताकि लोग अपने काम को कुशलता से कर सकें। संपर्क कक्षा से कौशल व प्रदर्शन में भी सुधार होता है और वे अपने काम को बेहतर तरीके से कर पाते। फील्ड वर्क, निर्धारित प्रपत्रों के आधार पर तथ्य संकलन पर, विभिन्न विभागों में इंटर्नशिप, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम प्रावधान और अनुप्रयोग, पाठ्यक्रम संचालन में परामर्शदाता की भूमिका, इंटर्नशिप आदि विषयों पर उपस्थित छात्रों को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया एवं उपस्थित छात्रों को सत्र 2024-25 की मार्कशीट का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कॉलेज प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत दो पौधों का रोपण किया।अंत में संचालन रवि सोनी एवं आभार प्रदीप सिंह सेंगर द्वारा किया गया। इसमें नवांकुर संस्था प्रतिनिधि अनिल सक्सेना, राकेश शर्मा, राहुल मेवाड़ा, हृदेश परमार, थान सिंह मीना, मेंटर्स रवि सोनी, नमृता बरेठा, जीतेन्द्र परमार, धर्मेंद्र चिरोलिया, विदोष गौर एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

# जैन मुनिश्री संतों का हुआ नगर आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दिगम्बर जैन संत आचार्य विराग सगरजी तथा आचार्य विधुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री विश्वसूर्य सागर जी तथा मुनि साध्य सागर जी का मंगल प्रवेश नगर में हुआ। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने दिगम्बर जैन पूर्वाध्यक्ष यतेंद्र जैन, प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप जैन प्रगति समाज सेवी नरेंद्र जैन गंगवाल, एडवोकेट पल्लव प्रगति सहित मुनिद्वय की चरण पखार कर अगवानी की।

मुनि द्वय के आगमन से नगर में हर्ष व्याप्त है। तपोनिधि मुनि विश्वसूर्य सागरजी महाराज तथा वात्सल्य ऋषि मुनि साध्यसागरजी ने कहा कि धर्म आत्मा के कल्याण के लिए है जो सन्मार्ग पर चलेगा वही अपनी आत्मा का कल्याण करेगा। मुनि द्वय ने अचार विचार और व्यवहार की शुचिता पर जोर देते हुए कहा कि हृदय की सरलता और सादगी पूर्ण जीवन जीना ही धर्म मार्ग पर चलना है। इसके पूर्व गगनभेदी जय जयकारो के साथ सेकड़ो की संख्यां में एकत्रित हुए श्रावक गण मुनि श्री के नगर प्रवेश पर अगवानी में शामिल हो कर किला मन्दिर पहुंचे, जैन समाज के अध्यक्ष आनंद पोरवाल महा मंत्री कैलाश जैन चित्र लोक भजन गायक शरद जैन सहित भारी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस ने महात्मा गांधी को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा ग्रामीण के द्वारा कांग्रेस के स्थापना दिवस ग्राम पंचायत मैना में उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने कांग्रेस पार्टी के महान पुर्वजों महात्मा गांधी जी नमन किया और अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओपी वर्मा जी ने किया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा ग्रामीण के अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी के संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के गौरवशाली इतिहास का वर्णन करते हुए कहा देश के सर्वोच्च मूल्यों, जैसे एकता अखंडता, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने शहादत दी।

महिला कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब भाई ठाकुर ने संबोधित करते हुए मनरेगा योजना से महात्मा गांधी के नाम को हटाने और योजना को कमजोर करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया मैना के मशहूर कवि वर्मा जी ने हरित क्रांति, बैंकों का राष्ट्रीयकरण का जिक्र करते हुए इंदिरा गांधी के साहस पर कई काव्य पाठ किया कार्यक्रम का आभार वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश वर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा ग्रामीण के अन्य सभी कार्यकर्ता बनाम सिंह पटेल, शिव काका, मंडलम अध्यक्ष राकेश जवारिया स्वरूप जेवरिया गुड्डू वर्मा ,बाबूलाल धाकड़ , प्रेम पटेरिया अखिलेश राजपूत देवेंद्र राजपूत आशिक मंसूरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### जिला भाजपा कार्यकारिणी में प्रम नारायण मीणा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

# विधायक रमाकांत भार्गव ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार शनिवार को जिला सीहोर की भाजपा कार्यकारिणी का गठन किया गया। लंबे समय से प्रतीक्षित इस घोषणा में सलकनपुर मंडल के पूर्व ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष प्रेम नारायण मीणा को भारतीय जनता पार्टी, जिला सीहोर का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। देर शाम नियुक्ति की खबर सामने आते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया।

उनके निज निवास ग्राम बोरदी में बधाई देने वालों का तांता लग गया और ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के बीच प्रेम नारायण मीणा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रेम नारायण मीणा की नियुक्ति को संगठन की मजबूती और जमीन से जुड़े समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे लाने की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। बुदनी विधायक रमाकांत भार्गव, पूर्व वन मंत्री एवं मीणा समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास रावत, कार्तिकेय सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालमीय, ज.प.अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, आसाराम यादव, रघुनाथ भाटी, मंडल सलकनपुर अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, राजेंद्र पटेल, अनार सिंह, द्वारा प्रेमनारायण मीणा को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर मंडल सलकनपुर अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, महामंत्री सुनील गौर, प्रदीप पटेरिया, मुन्ना रघुवंशी, राजा दुबे, युवा नेता प्रखर नायक, धर्मेंद्र राजपूत, रामगोविंद तिवारी, जगदीश नाविक, राहुल गौर, बलराम सिसोदिया, मीडिया प्रभारी संदीप चौहान, दिनेश साहू, जतिन सोनी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। पार्टीजनों ने विश्वास जताया कि प्रेम नारायण मीणा संगठनात्मक अनुभव, सक्रियता और जनसंपर्क के बल पर जिला संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।



# शिकायतों के बाद सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला चिकित्सालय में लगातार आ रही मरीजों और परिजनों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को सिविल सर्जन डॉ. आर. सी. परमार ने अस्पताल के सभी प्रमुख वार्डों और विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, हाउस कीपिंग, डॉक्टरों की उपस्थिति और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जहां कई व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता सामने आई, वहीं लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों को सख्त निर्देश भी दिए। अस्पताल में डॉक्टरों का समय सुबह 9 बजे पूर्व से निर्धारित किया है, जिस पर अधिकांश डॉक्टर समय पर उपलब्ध नहीं रहते हैं। शिकायत मिलने पर सिविल सर्जन ने औचक निरीक्षण किया, जिस दौरान चार डॉक्टर सुनीता सिंह, लावंशी मित्रा, प्रकृति लालवानी व डॉ. ऋषभ अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पताल में समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहना अनिवार्य है और मरीजों की अनदेखी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण का उद्देश्य केवल खामियां निकालना नहीं, बल्कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना बताया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन सबसे पहले ओपीडी पहुंचे।